हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

12 परमिंदर सिंह झोटा के कत्ल के विरोध में रतिया में भगवंत मान का पुतला फूंका...



12 अग्रसैन जयंती समारोह 18 को, ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली जाएगी भव्य...



खबर संक्षेप

कांग्रेस 22 को ब्लॉक स्तर पर करेगी विरोध प्रदर्शन

फतेहाबाद। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत जिला कांग्रेस फतेहाबाद द्वारा ब्लॉक लेवल पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने बताया कि 22 अक्तूबर को जिले के तीनों ब्लॉकों में यह विरोध प्रदर्शन किये जाएंगे। प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस फतेहाबाद की प्रभारी सुधा भारद्वाज 22 अक्तूबर को भट्टू ब्लॉक में प्रातः 10 बजे, रतिया ब्लॉक में दोपहर 12.30 बजे तथा नागपुर ब्लॉक में दोपहर 2.30 बजे होने वाले प्रदर्शन में शामिल होंगी। अरविन्द शर्मा ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान चुनाव आयोग के मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंकेंगे जाएंगे।

फतेहाबाद में 71 हजार एमटी धान की खरीद

फतेहाबाद। जिला फतेहाबाद में खरीफ खरीद सीजन 2026-27 के तहत 15 अक्टूबर तक विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा कुल 71,002 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 22,876 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 32,194 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 15,933 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कुशल बूरा ने बताया कि सरकार द्वारा धान की ग्रेड-ए किस्म का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

154 मेधावी विद्यार्थी आज होंगे सम्मानित

सिरसा। जाट धर्मशाला सभा के तत्वावधान में 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे जाट धर्मशाला में छात्रवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। सभा की ओर से बताया गया कि इस कार्यक्रम में इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला मुख्यातिथि होंगे जबकि अध्यक्षता सुरेंद्र नुहियां करेंगे। कार्यक्रम के मुख्यातिथि अभय सिंह चौटाला इस कार्यक्रम में दसवीं और दस जमा दो कक्षा के 154 जाट समाज के उन विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे जिन्होंने अपनी कक्षाओं में 90 फीसदी से अधिक अंक अर्जित किए हैं।

झगड़े का वांछित 5 साल बाद गिरफ्तार

सिरसा। पीओ स्टाफ सिरसा ने लड़ाई-झगड़े के मामले में 5 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान महेंद्र सिंह निवासी गांव बालासर जिला सिरसा के रूप में हुई है। पीओ स्टाफ प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2021 में आरोपी महेंद्र सिंह के खिलाफ थाना शहर सिरसा में झगड़े के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। बाद में अदालत से जमानत मिलने पर आरोपी जेल से बाहर आ गया, लेकिन इसके बाद वह निर्धारित तारीखों पर अदालत में पेश नहीं हुआ।

सेक्टर 9-11 में 18 साल बाद भी आबादी का इंतजार

कहीं करोड़ों की जमीन पर कचरे का डंपिंग स्टेशन तो कहीं नई टाउनशिप के सपने

- फतेहाबाद में शहरी विकास पर सवाल, 209 कमर्शियल साइटें नहीं बिकीं; दूसरी ओर नई कॉलोनियों का प्रचार, पुराने सेक्टरों का बुनियादी ढांचा बदहाल

सुरेंद्र असीजा ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद में शहरी विकास की तस्वीर विरोधाभास दिखा रही है। एक तरफ सेक्टर-2, सेक्टर-4 और सेक्टर-12 के आसपास नई टाउनशिप और आवासीय कॉलोनियों के प्रोजेक्ट सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ करीब 18 साल पहले विकसित किए गए सेक्टर 9-11 आज भी पूरी तरह आबाद होने का इंतजार कर रहे हैं। करोड़ों रुपये खर्च कर सडक़, सीवर, पेयजल और बिजली का ढांचा तैयार किया गया, लेकिन आबादी नहीं बसने से अब सडक़ें टूट रही हैं, सीवर के मैनहोल धंस रहे हैं और पेयजल लाइनों की हालत बिगडऩे लगी है। करोड़ों की जमीन पर कचरे का डंपिंग स्टेशन भी इस विकास की हकीकत उजागर कर रहा है।





फतेहाबाद। बदहाल सेक्टर 10 व 11। फोटो: हरिभूमि

पुराने सेक्टरों की सुध कौन लेगा

शहर के सेक्टर-2, सेक्टर-4 और सेक्टर-12 के आसपास क्यूबेस लाइफस्पेस, अनंतारा रेजिडेंसेस, विनायक सिटी, वृंदा होम्स, अल्फा इंटरनेशनल सिटी और रॉयल सिटी जैसी परियोजनाएं चर्चा में हैं। रतिया रोड क्षेत्र में द पाम ड्राइव और टोहाना में प्रभाकर न्यू टाउन फेज-2 जैसी परियोजनाएं भी आवासीय विकल्पों में शामिल हैं। इन परियोजनाओं के प्रचार में आधुनिक सुविधाओं, पार्क, चौड़ी सडक़ों और बेहतर आवासीय माहौल पर जोर दिया जा रहा है।

फतेहाबाद में विकास की प्राथमिकता क्या होगी

पुराने सेक्टरों में सरकारी निवेश से तैयार ढांचे को बचाना और उन्हें आबाद करना, या नई टाउनशिप के विस्तार के साथ आगे बढऩा। जब तक पुराने सेक्टरों की बदहाली दूर नहीं होती और कमर्शियल साइटों की बिक्री में आ रही बाधाओं की समीक्षा नहीं होती, तब तक शहर के नियोजित विकास पर सवाल उठते रहेंगे।

निवेश से पहले मंजूरियों की जांच जरूरी

नई कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने वालों के लिए भी केवल आकर्षक विज्ञापन पर्याप्त नहीं हैं। क्यूबेस लाइफस्पेस, अनंतारा, रॉयल और अन्य परियोजनाओं के मामले में खरीदारों को रेरा पंजीकरण की वर्तमान स्थिति, कॉलोनी लाइसेंस, स्वीकृत नक्शे, जमीन के मालिकाना हक और सडक़, बिजली, पानी तथा सीवरेज की वास्तविक उपलब्धता जांचनी चाहिए।



फतेहाबाद। शहर की एक कॉलोनी का नक्शा। फोटो: हरिभूमि

209 कमर्शियल साइटें भी नहीं बिकीं

एचएसवीपी ने वर्ष 2008 के आसपास सेक्टर 9-11 क्षेत्र में विकास की योजना के तहत सडक़, सीवर, पेयजल और बिजली की सुविधाएं तैयार करवाई थीं। हिसार रोड, मिनी बाईपास और डीसी कार्यालय के सामने चौक के पास व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए 209 कमर्शियल साइटें भी तैयार की गई थीं। लेकिन उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अब तक एक भी साइट नहीं बिक पाई है। ऊंची कीमतों के कारण खरीदारों की सीमित रुचि और क्षेत्र में अपेक्षित आबादी नहीं आने से बाजार विकसित नहीं हो सका। नतीजा यह है कि जिस क्षेत्र में दुकानों और व्यावसायिक गतिविधियों की उम्मीद थी, वहां आज भी वीरानी है। लंबे समय तक उपयोग और रखरखाव के अभाव में सरकारी निवेश से तैयार सुविधाएं खराब हो रही हैं।

सड़कें टूटीं, सीवर धंसे, कचरे से प्रभावित हो रही लोकेशन

सेक्टर 9-11 में कई जगह सडक़ें टूट चुकी हैं और बारिश के पानी से सडक़ की परत उखड़ रही है। सीवर के मैनहोल धंसने तथा पेयजल व्यवस्था खराब होने की शिकायतें भी सामने आई हैं। दूसरी ओर, कचरे का डंपिंग स्टेशन इस क्षेत्र की छवि को प्रभावित कर रहा है। ऐसे हालात में आसपास की जमीन और कमर्शियल साइटों की मांग बढ़ाने की कोशिश भी चुनौतीपूर्ण हो सकती है।



सिरसा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए।

लक्ष्य का निर्धारण कर निरंतर प्रयासरत रहें युवा, जरूर मिलेगी सफलता: पंवार

- आईटीआई में मेगा रोजगार मेले का आयोजन
- 423 को मिले नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा तथा जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को आईटीआई में मेगा जॉब फेयर-2026 का आयोजन किया गया। इस दौरान 28 कंपनी/संस्थानों ने लगभग 423 युवाओं का चयन किया और 273 अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री, हरियाणा सरकार कृष्ण लाल पंवार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि यह आयोजन केवल रोजगार देने और नौकरी पाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने, उनके परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने और प्रदेश के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि युवा शक्ति लक्ष्य का निर्धारण कर उसे पाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें, एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसी युवा के हाथ में रोजगार होता है तो उसके भीतर आत्मविश्वास पैदा होता है और उसके परिवार में खुशहाली आती है।

युवाओं को रोजगार के नए अवसरों पर जोर

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज सफलता के अवसर केवल सरकारी नौकरी तक सीमित नहीं हैं। निजी कंपनियों, उद्योगों, तकनीकी सेवाओं, स्वरोजगार और स्टार्टअप के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए अनेक संभावनाएं मौजूद हैं। सरकार का प्रयास है कि हरियाणा का युवा केवल नौकरी तलाशने वाला न बने, बल्कि अपनी प्रतिभा और नए विचारों के दम पर दूसरों को भी रोजगार देने वाला बने। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल, जिला रोजगार अधिकारी डॉ. कविता ग्रेवाल, प्राचार्य प्रवेश कुमार, प्राचार्य बुधराम, प्लेसमेंट ऑफिसर श्यामलाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डबवाली रेणू शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सरपंच प्रिंस बिश्नोई सहित आईटीआई स्टाफ व अन्य गणमान्य सहित स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

पेट्रोल पंप पर जनरेटर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

शहर में हाथी पार्क के सामने झूथरा पेट्रोल पंप पर शुक्रवार दोपहर को अचानक जनरेटर में आग लग गई।

- पंप के कारिंदों ने आग पर पाया काबू

आग कुछ ही समय में तेजी से फैल गई। इस दौरान लोगों ने दमकल बुलाने के लिए कॉल की, लेकिन नंबर नहीं लगा। इसके बाद पंप कर्मियों व आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार अंबेडकर चौक पर हाथी पार्क के सामने स्थित झुंथरा पेट्रोल पंप पर आज दोपहर करीब 12:30 बजे जनरेटर में बिजली लाइन की तारों में फॉल्ट हो गया, जिसके बाद अचानक आग लग गई। वहां पर मौजूद पंप कर्मियों ने आग लगते देख लिया और आग बुझाने को अग्निशमनयंत्र पहुंचे। बिजली कट ऑफ किया और करीब 20 से 25 मिनट बाद बुझाया गया। वहीं आसपास के लोगों ने दमकल विभाग को भी सूचना दी। दमकल के आने से पूर्व ही पंप के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।



सिरसा। पंप पर जनरेटर में लगी आग को बुझाने में जुटे पंप के कर्मचारी।

6 माह से मिड डे मील की कुकिंग कास्ट नहीं मिली

फतेहाबाद। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने राज्य शिक्षा विभाग के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर की है। संघ का कहना है कि जिले के प्राथमिक विद्यालयों में पिछले 6 महीने से भी अधिक समय से मिड डे मील की कुकिंग कास्ट प्राप्त नहीं हुई है, और न ही कुकिंग मेटीरियल की नियमित आपूर्ति की जा रही है। इसके साथ ही एमडीएम वर्करों का पूरा मानदेय भी पिछले 6 महीने से पेंडिंग चल रहा है। कुकिंग कास्ट न मिलने के कारण विद्यालयों में मिड डे मील सुचारू रूप से चलाना अध्यापकों के लिए बेहद मुश्किल हो गया है।

- उधार और निजी जेब से चलाना पड़ रहा है मिड डे मील

हरे-भरे पेड़ों की कटाई पर दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

आदर्श कॉलोनी, बरनाला रोड, वार्ड नं. 3, सिरसा में हरे-भरे जीवित पेड़ों की अवैध कटाई पर संज्ञान लेते हुए तुरंत एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर जितिन गोयल पुत्र स्व. कैलाश गोयल ने मुख्यमंत्री, जिला वन अधिकारी, सिरसा, उपायुक्त सिरसा व प्रशासक, नगर परिषद सिरसा को शिकायत भेजी है। शिकायत में जितिन गोयल ने बताया कि आदर्श कॉलोनी, बरनाला रोड, वार्ड नं. 3, अग्रवाल पीर, ज्वाला जी मंदिर के सामने, सिरसा में उक्त स्थान पर खड़े हरे-भरे, जीवित पेड़ों को बिना किसी सरकारी अनुमति के काट दिया गया है। यही नहीं पेड़ काटने वालों ने वन विभाग से कोई अनुमति नहीं ली। गोयल ने बताया कि यह कटाई वहां चल रहे अवैध निर्माण के लिए की गई है। यह कॉलोनी वैसे भी अवैध है। इस निर्माण कार्य हेतु कोई सरकारी परमिशन नहीं ली गई है और ना ही किसी विभाग से निर्माण का नक्शा पास करवाया गया है। बिना नक्शा पास करवाए ही अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है।



सिरसा। काटे गए हरे पेड़ का तना।

हाईकोर्ट की अनुमति बिना पेड़ कटाई प्रतिबंधित

गोयल ने कहा कि इस मामले में मुख्य न्यायाधीश पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट शील नागू की खंडपीठ ने आदेश दिया था कि राज्य में किसी भी उम्र के किसी भी पेड़ को हाईकोर्ट की अनुमति के बिना नहीं काटा जाएगा। इसी को आगे बढ़ाते हुए हाईकोर्ट ने हरियाणा में भी पेड़ों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है और आदेश दिया है कि अगले आदेश तक हरियाणा में कहीं भी एक भी पेड़ नहीं काटा जा सकता। उन्होंने मांग की कि डीएफओ, सिरसा को मौके का पंचनामा करवाया जाए, एसएचओ, सिरसा को हरे पेड़ काटने वालों पर तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए व नगर परिषद सिरसा को बिना नक्शा पास करवाए हो रहे इस अवैध निर्माण को तुरंत सील करने का आदेश दिया जाए।

सुभाष ठेकेदार हत्याकांड में गाड़ी चालक मनीष गिरफ्तार

- हत्या के दिन गेट पर खड़ा होकर आने-जाने वालों की रेकी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

गांव जमाल में सोलर प्लांट ठेकेदार सुभाष चंद्र हत्याकांड में नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने तीसरे मुख्य आरोपी गांव ढुकड़ा निवासी मनीष कुमार पुत्र राजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को नाथूसरी चौपटा चौक से काबू कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हत्या की साजिश और इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि 6 अक्टूबर 2026 को गांव जमाल में राजस्थान सीमा के पास हैक्सा सन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के सोलर प्लांट पर ठेकेदारी का काम करने वाले सुभाष चंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के समय सुभाष चंद्र प्लांट में बैठा था। इसी दौरान दो-तीन युवक वहां पहुंचे और उसे गोली मारकर फरार हो गए। गंभीर हालत में उसे सिरसा के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

फैंसी नंबर प्लेट लगे वाहन चालकों पर कसेगा शिकंजा

- एसपी ने दिए बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाहनों की जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने और वाहन चोरी जैसी वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए सिरसा पुलिस ने बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) तथा अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती करने की तैयारी कर ली है। पुलिस प्रशासन द्वारा अब जिले में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि यातायात थाना प्रभारी सहित सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस टीमें बिना एचएसआरपी, ढकी हुई, अस्पष्ट, फैंसी डिजाइन या अनधिकृत नंबर प्लेट वाले वाहनों की जांच करेंगी। वाहन चालकों को एचएसआरपी लगवाने के महत्व और इसे अधिकृत माध्यमों से प्राप्त करने के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने वालों पर रहेगी नजर



एसपी ने कहा कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाहन की पहचान सुनिश्चित करने और चोरी जैसे अपराधों की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसमें मौजूद सुरक्षा कोड और लेजर सीरियल नंबर जैसे फीचर की वजह से नंबर प्लेट से छेड़छाड़ की आशंका को कम करने में मदद करते हैं। फैंसी या अस्पष्ट नंबर प्लेट से वाहन की पहचान करना मुश्किल होता है, जिसका फायदा अपराधी उठा सकते हैं। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप नंबर प्लेट लगवाएं और वाहन के सभी जरूरी दस्तावेज पूरे रखें। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा वैध इंश्योरेंस, आरसी और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) साथ रखें।

गांव अयाल्की के पास ढोबा ढाणी रोड पर डोडा पोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अपराध जांच शाखा रतिया पुलिस टीम ने गांव अयाल्की के पास गश्त के दौरान एक व्यक्ति को 20 किलो 40 ग्राम डोडा पोस्त सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान सतनाम सिंह पुत्र बिन्द्र सिंह निवासी गांव अयाल्की के रूप में हुई है। पुलिस ने नशा तस्करी में इस्तेमाल की गई कार को भी कब्जे में लिया है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप ने बताया कि पुलिस टीम एएसआई राम कुमार के नेतृत्व में नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए गांव अहरवां के बस अड्डे के नजदीक मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि गांव अयाल्की निवासी सतनाम सिंह अपनी कार में डोडा पोस्त लेकर फतेहाबाद से अयाल्की होते हुए ढोबा ढाणी की तरफ आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव अयाल्की के पास ढोबा ढाणी रोड पर नाकाबंदी कर दी। नाकाबंदी के दौरान एक कार आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर लिया और नियमानुसार कार की तलाशी ली गई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 किलो 40 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया वा नशा तस्करी में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद की गई।

अब 80 प्रतिशत सीएमआर जमा करने वाले राइस-मिलों को मिलेगा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

फतेहाबाद जिले में धान खरीद के बीच राइस मिलर्स के लिए अच्छी खबर है। अब उन राइस मिलों को धान मिलेगा, जिन्होंने 80 प्रतिशत तक कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) जमा करवा दिया है। इस फैसले से उन मिलर्स को राहत मिली है, जिन्हें पहले धान नहीं मिल पा रहा था।

- मंडी से धान उठान में तेजी की उम्मीद

राइस मिलर एसोसिएशन ने इस पहल के लिए विधायक सरदार जरनैल सिंह और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। एसोसिएशन के अनुसार, विधायक जरनैल सिंह ने अधिकारियों से बात करके यह पत्र जारी करवाया है। इस पत्र के बाद 80 प्रतिशत सीएमआर जमा करने वाले राइस मिलों को धान मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इससे उनका कारोबार ठीक से चल पाएगा और मंडियों से धान का उठान भी तेज होने की उम्मीद है।

राइस मिलर एसोसिएशन ने इस मामले में पहल करने के लिए विधायक जरनैल सिंह का रतिया के टोहाना रोड पर स्थित उनके निवास स्थान पर जाकर विशेष धन्यवाद किया। साथ ही, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी आभार जताया।

फतेहाबाद मंडी में लिया खरीद का जायजा, कहा- सरकार की गलत नीतियों से किसान व आढ़ती बर्बादी के कगार पर

हरियाणा में बारिश होने के कारण किसान का लाखों मैट्रिक टन धान व बाजरा भीगा : बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने फतेहाबाद अनाज मंडी में व्यापारियों की मीटिंग लेने के उपरांत धान खरीद का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा में बारिश होने के कारण किसान का लाखों मैट्रिक टन धान व बाजरा भीग गया है। सरकार द्वारा धान व बाजरे की खरीद व उठान ना करने से किसान व आढ़तियों में बड़ी भारी नाराजगी है। सरकार का अनाज का एक-एक दाना खरीद करने के सभी दावे झूठ का पुलिंदा है जबकि किसान अपनी धान व बाजार बेचने के लिए कई दिनों से मंडियों में धक्के खा रहा है।



फतेहाबाद। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग अनाज खरीद का जायजा लेते हुए।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अनाज मंडी के प्रधान रमेश तनेजा, वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल, उप प्रधान सुरेश बुढालिया, सचिव बागराम, प्रदेश सचिव श्यामसुंदर बंसल, विनोद मित्तल, नवल जैन, मंगत मित्तल, व्यापार मंडल के प्रधान अशोक नारंग, युवा प्रदेश प्रभारी राहुल गर्ग, प्रवीण बुढालिया आदि व्यापारी प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

आढ़तियों का बकाया कमीशन तुरंत दे सरकार

बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को अपने वायदे के अनुसार धान व बाजरा की खरीद, उठान व भुगतान तुरंत प्रभाव से करना चाहिए। सरकार की गलत नीतियों से किसान व आढ़तियों बर्बादी के कगार पर है जबकि गेहूं खरीद 1 अप्रैल 2026 से आढ़तियों का कमीशन सरकार की तरफ लगभग 34 करोड़ रुपए से ज्यादा बकाया है। सरकार ने धान व गेहूं पर आढ़तियों का कमीशन कम कर दिया है और सरसों व कपास पर आढ़तियों का कमीशन पूरी तरह खत्म करने से आढ़तियों में बड़ी भारी नाराजगी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को आढ़तियों का 34 करोड रुपए कमीशन ब्याज सहित तुरंत प्रभाव से देना चाहिए और अनाज की हर सरकारी खरीद पर आढ़तियों को पहले की तरह ढाई प्रतिशत का कमीशन सरकार को देना चाहिए ताकि सरकार का आढ़तियों के साथ सही तालमेल बना रहे।



रामायणम का दूसरा ट्रेलर रिलीज, राम अवतार में रणबीर छाए, रावण भी भारी

नई दिल्ली। बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड और अब तक की सबसे अधिक महंगी फिल्म 'रामायणम' का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में काफी इम्प्रेसिव नजर आ रहे हैं। वहीं, एक बार फिर यश रावण के रूप में दमदार दिखे हैं। फिल्म को वीएफएक्स की बदौलत मार्वल फिल्मों को जबरदस्त टक्कर दी गई है। फिल्म में साई पल्लवी माता सीता के किरदार में हैं और सनी देओल भगवान हनुमान के रोल में दिखेंगे। ट्रेलर की शुरुआत शानदार विजुअल के साथ होती है। इस दूसरे ट्रेलर की शुरुआत रावण के उदय और उसकी बढ़ती ताकत से होती है। इस ट्रेलर में भगवान राम की झलकियों के साथ बैकग्राउंड में कहा जा रहा है, 'एक युग ऐसा भी था जब मानव भूमि पर भगवान वास करते थे। सृष्टि में शक्ति का संतुलन था। परंतु भगवान ब्रह्मा के वरदान ने एक असुर को इतना शक्तिशाली बना दिया।

लाइफ Style

आशा

एक वक्त काम नहीं था, फिर भी एक्टिंग नहीं छोड़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टीवी एक्ट्रेस आशा नेगी इन दिनों 'अली बाबा 40 भूत' में नजर आ रही हैं। शो में उनका किरदार साइंस स्टूडेंट का है, जो शुरुआत में भूत-प्रेत जैसी चीजों को बकवास मानता है। आशा के लिए इस शो की शुरुआत ही थोड़ी अलग रही। उन्हें शूट शुरू होने से सिर्फ दो दिन पहले लॉक किया गया था। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने शो के अलावा अपने कॅरियर के उतार-चढ़ाव, लंबे शूटिंग शेड्यूल और निजी जिंदगी से जुड़े कई किस्से साझा किए।

आशा कहती हैं, 'मुझे शो के लिए सिर्फ दो दिन पहले लॉक किया गया था। अगले दिन मेरे ट्रायल हुए। फिर छह एपिसोड की रीडिंग हुई, शाम को लुक टेस्ट हुआ और उसी दौरान शूट भी शुरू हो गया। मुझे उस वक्त सिर्फ चौथे एपिसोड की स्क्रिप्ट पता थी। मुझे आगे की कहानी पता थी, न पीछे की। सच कहूं तो मुझे खुद समझ नहीं आ रहा था कि मैंने ये सब कैसे मैनेज किया।' वह आगे कहती हैं, 'शायद हमारे डायरेक्टर बहुत अच्छे थे और एक्टर्स ने भी बहुत मदद की। कई बार लगता है कि विशाल की परफॉर्मेंस की वजह से मैं बच गई। बाकी सब मस्ती-मजाक में हो गया। मुझे लास्ट मोमेंट पर लॉक किया गया था, तैयारी का टाइम ही नहीं मिला। कई बार सोचती हूं कि मैंने ये सब कैसे कर लिया। लेकिन यही इस काम की खूबसूरती है। कई बार पूरी तैयारी का मौका नहीं मिलता और उसी वक्त चीजों को पकड़ना पड़ता है।' मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर ओरछा में 40 एपिसोड की शूटिंग करीब दो महीने चली। आशा कहती हैं, 'मेरे लिए मेंटल प्रिपरेशन भी उतना ही जरूरी था। 40 एपिसोड का शूट है, तो सिर्फ रीडिंग या स्क्रिप्ट की तैयारी नहीं थी। हमें करीब दो महीने एक आइसोलेटेड रीजन में रहना था। वहीं काम करना है, वहीं खाना-पीना है। वही लोग आपके परिवार और दोस्त बन जाते हैं।



हॉलीवुड मसाला



वीडियो गेम फ्रेंचाइजी पर आधारित है स्ट्रीट फाइटर

लॉस एंजिल्स। विद्युत जामवाल की पहचान उनके एक्शन से है। 'कमांडो' जैसी फिल्मों में वह अपने स्टंट से अलग पहचान बना चुके हैं। अब वह हॉलीवुड पहुंचे हैं। उनकी फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' मशहूर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी पर आधारित है। इस फिल्म को लेकर भारतीय दर्शकों की दिलचस्पी की एक बड़ी वजह विद्युत हैं। वह धालसिम के किरदार में नजर आते हैं, जो गेम के चर्चित लड़ाकों में से एक है। लेकिन फिल्म में विद्युत को अपनी प्रतिभा दिखाने का पर्याप्त मौका नहीं मिला है। स्ट्रीट फाइटर जापानी कंपनी कैपकॉम की मशहूर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी है। इसकी शुरुआत 1987 में हुई थी। 1991 में आए 'स्ट्रीट फाइटर II' ने इसे दुनिया भर में पहचान दिलाई। गेम में अलग-अलग देशों के लड़ाके मुकाबला करते हैं। हर किरदार का अपना अंदाज और हमला करने का अलग तरीका है।



प्रियंका को मिला 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा जोनस को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया है। लॉस एंजिल्स में आयोजित तीसरे सालाना 'इनस्टाइल इमेजमेकर अवॉर्ड्स' में प्रियंका को 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान दिया गया. यह सम्मान मनोरंजन जगत में उनके योगदान के साथ-साथ महिलाओं के लिए नए अवसर बनाने और अलग-अलग आवाजों को मंच देने की दिशा में उनके काम को पहचान देता है। इस मौके पर अभिनेता मेगन सूरी, अवंतिका वंदनापु और अमिता राव ने प्रियंका को यह सम्मान प्रदान किया। भारतीय सिनेमा से अपने करियर की शुरुआत करने वाली प्रियंका ने हॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। अभिनय के अलावा वह निर्माता और उद्यमी के रूप में भी सक्रिय हैं। उनके प्रोडक्शन हाउस 'पर्पल पेबल पिक्चर्स' के जरिए अलग तरह की कहानियों और नए कलाकारों को सामने लाने की कोशिश की जाती रही है। प्रियंका का अंतरराष्ट्रीय करियर केवल फिल्मों तक सीमित नहीं रहा है। वह फैशन और मनोरंजन से जुड़ी चर्चाओं में भी लगातार मौजूद रहती हैं। 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान इसी व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर ऐसे समय में जब हॉलीवुड में प्रतिनिधित्व और महिलाओं के लिए समान अवसरों को लेकर चर्चा जारी है।



गरीबी में मिला दोस्ती का तोहफा मगर अमीरी देगी खतरों को न्यौता

मुंबई। वेबसीरीज 'चार यार' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस सीरीज में एक्शन, थ्रिल और दोस्ती को मिलेगी। इसमें पूरव झा, नमन जैन, साकिब अयूब और प्रयाग मेहता नजर आ रहे हैं अहम किरादारों में नजर आ रहे हैं। यह सीरीज 23 अक्टूबर को अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। वेबसीरीज 'चार यार की शुरुआत होती है मिडिल क्लास परिवारों के चार लड़कों से। यह सभी परिवारिक अर्थिक स्थिति से परेशान हैं। मगर इन सभी के जीवन में एक मोड़ आता है जिसके बाद चार जिंदगियां हमेशा के लिए बदल जाती हैं। यह चारों दोस्त गरीबी से निजात पाने के लिए चोरी का प्लान बनाते हैं। गलती से यह चारों एक महंगी और एंटीक गाड़ी चुरा लेते हैं और छुपा देते हैं। इसके बाद पुलिस थानों से लेकर गाड़ी चोरी करने वाले बड़े सरगनाओं तक यह बात फैल जाती है। सभी लोग इन्हें ढूंढने की कोशिशों में लग जाते हैं।



15 साल बाद आएगा द डर्टी पिक्चर का सीक्वल

मुंबई। साल 2011 में आई फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' को लोगों ने काफी पसंद किया था। मिलन लुथरिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म सिल्क स्मिता की जिंदगी पर आधारित थी। इसमें विद्या बालन ने लीड रोल प्ले किया था। वहीं, उनके साथ नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी और तुषार कपूर भी नजर आए थे। अब फिल्म की निर्माता एकता कपूर ने हाल ही में इसके सीक्वल को लेकर बात की और बताया कि वह जल्द ही 'द डर्टी पिक्चर 2' लेकर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने फिल्म की कहानी से जुड़ा भी अपडेट शेयर किया। एकता ने कहा कि वह काफी समय से फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' के सीक्वल के बारे में सोच रही थीं। अब उन्हें ऐसी कहानी मिल गई है, जिसे वह दर्शकों को सुनाना चाहती हैं। निर्माता ने यह भी बताया कि पहली फिल्म की तरह नई फिल्म भी किसी एक व्यक्ति की जिंदगी पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



अंदर के रावण से लड़ने के लिए मनीष-समीक्षा ने लिया प्रण

मुंबई। रावण सिर्फ रामायण का एक पात्र नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के भीतर छिपा एक अवगुण भी है। कभी अहंकार के रूप में तो कभी आत्मविश्वास की कमी के रूप में। हर साल दशहरा के मौके पर रावण दहन अपने अंदर झांकने और मन में छिपे दुर्गुणों से लड़ने की भी प्रेरणा देता है। हर इंसान के भीतर अच्छाई के राम और कमजोरियों के रावण के बीच एक युद्ध चलता रहता है। धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में भीष्म पितामह की भूमिका निभाने वाले अभिनेता मनीष वाधवा कहते हैं, इंसान को बुराइयों का पुतला कहा गया है और मैं भी अलग नहीं हूं। हर इंसान में गुस्सा, अहंकार, ईर्ष्या, निंदा और लालच जैसी बहुत सारी बुराइयां भरी होती हैं। एक बार कुछ गलत होने पर कोशिश होती है कि दोबारा ऐसा न करूं। हम इंसान हैं भगवान नहीं तो कुछ गलतियां बार-बार होती रहती हैं। हम हर साल दशहरा के मौके पर जो रावण को जलता हुआ, रावण पर राम की विजय को देखते हैं, वो बार-बार यही दर्शाता है कि हमें हर बार अपने अंदर के उन रावण रूपी बुराइयों को मारना होगा। धारावाहिक अप्सरा में सुनहरी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री समीक्षा जायसवाल कहती हैं, 'मेरे लिए दशहरा उम्मीद और साहस का त्योहार है। यह याद दिलाता है कि बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न लगे, उसके सामने खड़े होने का हौसला रखना चाहिए। मां दुर्गा की शक्ति और दूसरों की रक्षा करने का भाव मुझे हमेशा प्रेरित करता है।' समीक्षा ने आगे बताया, "किसी नए चुनौतीपूर्ण काम की शुरुआत से पहले कभी-कभी मुझे अपनी क्षमताओं पर संदेह होता था।

38 साल से हर संडे गूंज रही सुरों की 'रंगोली'

नई दिल्ली। जब देश में मनोरंजन के ज्यादा साधन नहीं थे, तब दूरदर्शन आया और इतने यादगार सीरियल्स और शोज दिए कि उसने घर-घर में लोगों को टीवी खरीदने पर मजबूर कर दिया। एक ऐसा ही शो 1988 में शुरू हुआ था। हिंदी सिनेमा की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी ने इस शो की शुरुआत की थी और टीवी पर यह इतना बड़ा हिट हुआ कि लोग हर रविवार को सुबह 8 बजे टीवी के सामने बैठकर इस शो का आनंद लेने पर मजबूर हो गए। 'रंगोली' एक म्यूजिकल शो था जो 1988 में दूरदर्शन पर शुरू हुआ था। शो का फॉर्मेट ऐसा था कि हर हफ्ते नया थीम होता था और किसी फिल्मी सितारे या गायक-गायिका के बारे में बताया जाता था और उनसे जुड़े सदाबहार गानों को दिखाया जाता था। यह म्यूजिकल शो हर सुबह की शुरुआत मनोरंजन से करता था। यह शो 80 और 90 के दशक में सबसे ज्यादा हिट रहा। सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी इसने खूब सफलता हासिल की। इसे सबसे ज्यादा लोकप्रियता मिडिल ईस्ट और यूनाइटेड स्टेट्स में मिली थी।



भक्ति में लीन काजोल, मां और बहन के साथ पहुंचीं माता रानी के दरबार

मुंबई। मुखर्जी परिवार हर साल दुर्गा पूजा का उत्सव धूमधाम से सेलिब्रेट करता है। अयान मुखर्जी से लेकर रानी मुखर्जी, काजोल, तनुजा समेत तमाम सितारे पंडाल में पहुंचते हैं और मां की भक्ति-पूजा में लीन रहते हैं। इस साल भी भव्य आयोजन हुआ है। बीते दिन काजोल वहां पहुंचीं। उन्होंने कुछ तस्वीरें साझा की हैं। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने दुर्गा पूजा पंडाल से तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'आज का दिन पूरी तरह से मां के विभिन्न रूपों को समर्पित रहा। एक मां के रूप में, एक बेटी के रूप में, एक रक्षक के रूप में और एक देवी के रूप में'। काजोल ने आगे लिखा है, 'जय मां दुर्गा। उत्साह के साथ जश्न शुरू हो चुका है'। काजोल लाल रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके साथ उनकी मां और दिग्गज अभिनेत्री तनुजा भी हैं। 83 वर्षीय तनुजा अपनी दोनों बेटियों-काजोल और तनीषा के साथ पोज देती दिख रही हैं। अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पूजा की तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'साल के सबसे पसंदीदा वक्त की शुरुआत हो चुकी है। मां आ गई हैं। दुर्गा मां की जय हो'। तस्वीरों में चर्चित निर्देशक अयान मुखर्जी भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि अयान, काजोल के चचेरे भाई हैं। काजोल और तनीषा माता रानी के भक्ति गीतों पर थिरकती नजर आईं।



पर्दे की असली 'देवी', भजन गाकर लोग करते थे पूजा

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में पर्दे पर कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्होंने अपने किरदारों से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई है। इनमें से एक एक्ट्रेस ऐसी रहीं, जो पर्दे पर मां के किरदारों में खूब पसंद की गईं। हालांकि मां से पहले एक दौर ऐसा था, जब उन्हें लोग सच में देवी समझने लगे थे।

कौन थी वो अभिनेत्री?

जिस अभिनेत्री के नाम का जिक्र हम कर रहे हैं, उनका नाम है निरूपा रॉय। सिनेमा में भी पर्दे की दमदार मां के किरदार का जिक्र होता है निरूपा रॉय का नाम हमेशा सामने आता है। उन्होंने पर्दे पर कई किरदार निभाए। उनकी पुण्यतिथि के मौके पर आइए जानते हैं, उनसे जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा। निरूपा रॉय का जन्म 4 जनवरी 1931 को गुजरात में हुआ था। निरूपा रॉय जब 15 साल की थीं, तभी उनके पिता ने उनकी शादी कर दी। तब ऐसा होता था कि, जल्दी ही शादी कर दी जाती थी और निरूपा रॉय के साथ भी यही हुआ। शादी के बाद निरूपा रॉय ने फिल्मों में एंट्री की। जब वह फिल्मों में आईं तब उनका नाम कांता चौहान था। शादी के बाद उनके पति ने गुजराती फिल्मों के एक ऑडिशन का विज्ञापन देखा। निरूपा रॉय के पति कमल खुद एक्टर बनना चाहते थे, इसलिए ऑडिशन देने गए। लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था, डायरेक्टर ने पति की जगह 16 साल की कांता को चुन लिया। फिर कांता चौहान निरूपा रॉय बन गईं और फिल्मों में आ गईं।



धार्मिक फिल्मों का था चलन

निरूपा रॉय जब फिल्मों में आईं थीं, तो उस दौर में सिनेमा में धार्मिक फिल्मों का चलन ज्यादा था। ज्यादातर फिल्ममेकर धार्मिक फिल्में बनाते थे और निरूपा रॉय की किस्मत भी इन्हीं फिल्मों से खुली। हालांकि निरूपा रॉय के करियर को ब्रेक एक गुजराती फिल्म से मिला था। फिल्मों की शुरुआत में निरूपा रॉय ने धार्मिक फिल्मों में काम किया। 1940 और 50 के दशक में उन्होंने त्रिलोक कपूर के साथ लगभग 16 से 18 धार्मिक फिल्मों में काम किया।

लोग सच में देवी ही मानने लगे थे

इन फिल्मों में वह देवी के रूप में नजर आईं। हैरानी की बात तो यह थी कि उन्हें लोग सच में देवी ही मानने लगे थे। लोग उन्हें जहां देखते, भजन गाना शुरू कर देते और उनके पैरों में पड़ जाते थे। हर-हर महादेव, राम जन्म, दुर्गा पूजा, चक्रधारी, नाग पंचमी और ना जाने ऐसी कितनी फिल्में थीं, जिनमें निरूपा रॉय नजर आईं। हालांकि, वीर भीमसेन में उन्होंने द्रौपदी का किरदार निभाकर सबका दिल जीत लिया था। अमर राज उनके कॅरियर की पहली हिंदी फिल्म थी। हिंदी सिनेमा में निरूपा रॉय ने इन फिल्मों के बाद कई बड़ी फिल्मों में काम किया। 70 और 80 के दशक में तो उन्होंने सिनेमा की असली मां बनकर ऐसा कारनामा किया कि सब देखते रह गए।

देवी-देवताओं पर बनी इन फिल्मों को ऑडियंस ने किया खूब पसंद

माता वैष्णों देवी से लेकर माता काली और दुर्गा पर बनी हैं ये शानदार फिल्में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में बनाई गई है जिसमें भगवान की शक्ति और एक भक्त की भक्ति दिखाई गई है। भगवान, राम से लेकर हनुमान तक पर फिल्में बनीं हैं। देवी देवताओं पर बनी इन फिल्मों को ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। इस लिस्ट में एक ऐसी भी फिल्म शामिल है, जिसने कमाई और मुनाफे के मामले में शोले जैसी फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया था। नवरात्र के मौके पर जानिए देवियों पर बनी इन 5 खास फिल्मों के बारे में।

जय संतोषी मां

साल 1975 में संतोषी माता की कहानी सुनाने वाली एक फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था 'जय संतोषी मां'। इस फिल्म में अनीता गुहा ने माता का किरदार निभाया था। ऐसा माना जाता है कि इस फिल्म के बाद देश भर में संतोषी माता के व्रत करने का चलन बढ़ गया था। थिएटर में फिल्म देखने जाने वाले लोग चप्पल बाहर उतार कर अंदर जाया करते थे। 25 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने उस जमाने में 5 करोड़ का कलेक्शन किया था। मुनाफा कमाने के मामले में इस फिल्म ने शोले को पीछे छोड़ दिया था।



महिमा संतोषी माता की

1983 में एक और संतोषी मां पर बनी फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था 'महिमा संतोषी माता की'। फिल्म का डायरेक्शन कमलाकार कामेश्वर राव ने किया था। इस फिल्म में चंद्र मोहन, प्रभा और KR विजय लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी माता पर लोगों के विश्वास और उनकी महिमा की थी।

जय महाकाली

साल 1979 में मां काली पर फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था जय महाकाली। इस फिल्म का डायरेक्शन बाबूभाई मिस्त्री ने किया था। फिल्म में मां काली की शक्तियों को दिखाया गया था। इस फिल्म में विक्रम गोखले, रंजना, दीनू त्रिवेदी, माधवी पंड्या जैसे एक्टर्स ने लीड रोल निभाया था। इसकी **IMDB** रेटिंग की जानकारी नहीं दी गई है।

दुर्गा मां

1986 में दुर्गा मां नाम की एक फिल्म आई थी। इस फिल्म की कहानी एक अनाथ बच्ची की होती है। उस बच्ची को एक पुलिस अधिकारी गोद ले लेता है। लेकिन उसकी पत्नी बच्ची से खुश नहीं होती है। बच्ची बड़ी होती है तो मां दुर्गा की सच्ची भक्त निकलती है। उसकी शादी होती है और वो उसका नाम दुर्गा रखती है। लेकिन कुछ लोग उस बच्ची की बलि चढ़ाना चाहते हैं। कहानी इमोशनल करने वाली है। इस फिल्म में सचिन पिलगांवकर ने अहम भूमिका निभाई है।

जय मां वैष्णों देवी

नवरात्रि के दौरान टीवी पर अपने जय मां वैष्णों देवी नाम की फिल्म जरूर देखी होगी। ये फिल्म साल 1994 में थिएटर पर रिलीज हुई थी। ये वही फिल्म है जिसकी कहानी में माता खुद अपने भक्त को किया वादा निभाने के लिए जमीन पर कन्या के रूप में आती है। फिल्म में दिखाया जाता है कि एक कपल औलाद पाने के लिए माता के नौ दिनों के व्रत रखते हैं और पूरे गांव को खाने पर बुला लेते हैं। फिर माता खुद आती हैं और चमत्कार कर पूरे गांव को खाना खिलवाती है।

खबर संक्षेप

पीडब्ल्यूडी कर्मचारी 19 को करेंगे धरना-प्रदर्शन

फतेहाबाद। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बार बार मांगपत्र देने के बावजूद भी कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं कर रहे हैं। इसी के रोषस्वरुप 19 अक्तूबर को एक्सईएन कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अगर फिर भी अधिकारी नहीं जागे तो मजबूरन उनके कार्यालय का घेराव किया जाएगा। यह बात हरियाणा पीडब्लयूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के राज्य उपाध्यक्ष और ब्रांच प्रधान धर्मपाल दरियापुर ने यहां बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन ईश्वर बागड़ी ने की जबकि संचालन सचिव राणा पंवार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए धर्मपाल दरियापुर ने कहा कि पिछले काफी समय से अधिकारियों को कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करने को लेकर अधिकारियों को कई बार मांगपत्र दिए गए लेकिन अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने कहा कि अब धरना प्रदर्शन के माध्यम से ही अपनी आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे ताकि कर्मचारियों को उनके हक मिल सके। उन्होंने कहा कि अब भी अगर अधिकारी नहीं चेते तो यह धरना प्रदर्शन अधिकारियों के कार्यालय का घेराव भी बन सकता है जिसके लिए अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होंगे। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में 19 अक्तूबर को धरना प्रदर्शन में पहुंचे।

75वीं रामलीला के सातवें दिन राजा हरिशचन्द्र नाटक का मंचन

राजा हरिश्चंद्र के पुत्र मृत्यु के दृश्य ने किया भावुक

- राजा हरिश्चंद्र की भूमिका में राजेश चराया ने प्रभावशाली अभिनय किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

श्री राम कृष्ण कला मंच की 75वीं रामलीला के सातवें दिन राजा हरिश्चंद्र नाटक का मंचन किया गया। राजा हरिशचन्द्र के सत्य के प्रति अडिग रहने के संवादों पर पंडाल तालियों से गूंज उठा, वहीं पुत्र की मृत्यु और श्मशान में अंतिम संस्कार के प्रसंग ने दर्शकों को भावुक कर दिया। नाटक में दिखाया गया कि ऋषि विश्वामित्र ने राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा की परीक्षा लेने के लिए उनसे राजपाट दान में ले लिया। दक्षिणा चुकाने के लिए राजा को अपनी पत्नी तारामती और पुत्र तक से अलग होना पड़ा। स्वयं श्मशान में नौकरी करने के बावजूद उन्होंने सत्य और कर्तव्य का मार्ग नहीं छोड़ा। नाटक का सबसे मार्मिक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब पुत्र की मृत्यु के बाद तारामती उसके शव को लेकर श्मशान पहुंचीं। यहां राजा हरिश्चंद्र ने पत्नी को पहचानने के बावजूद अंतिम संस्कार का शुल्क मांगा। इस दृश्य में कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों को भावुक कर दिया। राजा हरिशचन्द्र की भूमिका में राजेश चराया ने प्रभावशाली अभिनय किया। तारामती के किरदार में सतीश बत्रा, पुत्र की भूमिका में रोहित उद्धव पसरिजा, विश्वामित्र के रूप में सुमित परवाना, सेठानी के किरदार में मुंशी कंबोज और सेठ की भूमिका में शंटी खुराना ने अपनी प्रतिभा दिखाई।



भूना। रामलीला के सातवें दिन राजा हरिशचन्द्र नाटक का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

विश्वामित्र ने घोषणा की राजा की परीक्षा पूरी

अंत में विश्वामित्र ने राजा की परीक्षा पूरी होने की घोषणा की। हरिशचन्द्र की सत्यनिष्ठा से प्रसन्न होकर उनके पुत्र को जीवनदान और राजपाट वापस मिला। नाटक ने संदेश दिया कि कठिन परिस्थितियों में भी सत्य और ईमानदारी का साथ नहीं छोडना चाहिए। इस अवसर पर क्लब प्रधान हरविंदर मेहता, डायरेक्टर सुरेंद्र हंस, राजेश चराया, राकेश मदान, सुनील खुराना सहित मंच के सदस्य और शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर शुक्रवार को सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं तहसीलदार रानियां शुभम शर्मा ने रानियां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण, दावे एवं आपत्तियों के निपटान तथा पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। तहसीलदार रानियां शुभम शर्मा ने बताया कि दावे एवं आपत्तियों तथा नोटिस से संबंधित प्रक्रिया नियमानुसार जारी है। 30 सितंबर तक प्राप्त फॉर्मों का निपटान 28 अक्टूबर तक किया जाएगा, जबकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 नवंबर को किया जाएगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की सूची के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा की वेबसाइट तथा जिला सिरसा की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



सिरसा। तहसीलदार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए।

जनप्रतिनिधियों से सहयोग का आह्वान

प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे सूची का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने में सहयोग करें। बैठक में राजनीतिक दलों से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने तथा उनके नामों की सूची निर्धारित प्रपत्रों में जिला निर्वाचन कार्यालय, सिरसा को भेजने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के सहयोग से फोटोयुक्त मतदाता सूची को अधिक सटीक एवं त्रुटिरहित बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया गया कि नए मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए फॉर्म-6, प्रवासी भारतीय नागरिकों के पंजीकरण के लिए फॉर्म-6ए, मतदाता सूची में नाम शामिल करने या किसी नाम को शामिल किए जाने पर आपत्ति दर्ज करवाने के लिए फॉर्म-7 तथा पते में बदलाव, प्रविष्टियों में सुधार, मतदाता पहचान पत्र के प्रतिस्थापन और दिव्यांग मतदाता के रूप में चिह्नित करवाने के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया जा सकता है। मतदाता इन फॉर्मों को पोर्टल अथवा वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी भर सकते हैं।

करवा चौथ से पहले रिलीज होगा 'करुए दा व्रत'

रतिया। पंजाबी गीतकार बलदेव बरेटा का लिखा नया पंजाबी गीत 'करुए दा व्रत' करवा चौथ से पहले रिलीज किया जाएगा। गीत में प्रेम-प्यार, सभ्याचार और प्रेमी प्रेमिका की आपसी नोंक-झोंक के साथ आधुनिक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। गीत को महिला गायिका ने गाया है। इससे पहले गायक शाम शर्मीला और गायिका के. कौर की आवाज में बलदेव बरेटा का लिखा गीत 'मेला चमकीले दा' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। गीत को 5 लाख 60 हजार से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। बलदेव बरेटा के लिखे गीतों को रूबल रतिया, अली के वाला शर्मीला, गायिका के. कौर, सोनम सिद्धू, देसा रतिया, जगसीर खुशदिल, बेबी मोना, तेजा चौहान, राजेश मोंगा, जग्गी खान सहित पंजाब के कई गायकों ने गाया है।

20 को हनुमान अंश फिल्म का प्रदर्शन

फतेहाबाद। श्री रघुनाथ मंदिर सभा, फतेहाबाद द्वारा 20 अक्टूबर मंगलवार को विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान हनुमान अंश फिल्म दिखाई जाएगी, जो हनुमान जी के एक परम भक्त के जीवन पर आधारित है। सभा के प्रधान टेक चंद मिढ़ा ने बताया कि इस फिल्म का विशेष प्रदर्शन श्री रघुनाथ धर्मशाला, फतेहाबाद में किया जाएगा। कार्यक्रम का समय रात्रि 7 बजे से लेकर 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस धार्मिक आयोजन में सभी भक्तजनों को सादर आमंत्रित किया गया है। फिल्म प्रदर्शन के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए लंगर का भी विशेष प्रबंध किया गया है। उन्होंने सभी शहरवासियों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर फिल्म का आनंद लें।

शिकायत की नियमित रूप से करें समीक्षा: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत की वास्तविक स्थिति की जांच कर उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। ऐसी शिकायतें जिनमें एक से अधिक विभाग शामिल हैं, उनका आपसी समन्वय से समाधान किया जाए। संबंधित विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से कार्रवाई करें और शिकायत के समाधान की जिम्मेदारी तय करते हुए उसे समयबद्ध तरीके से निपटाएं। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय में समाधान प्रकोष्ठ के तहत जिला स्तर पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में एएसपी आदर्शदीप सिंह, एसडीएम ऐलनाबाद अदिति सिंघानिया, सीएमजीजीए पूरो रोहिल्ला, जीएम रोडवेज, जनस्वास्थ्य विभाग डबवाली के कार्यकारी अभियंता विजय कुमार, बिजली निगम के एक्सईएन धीरज कुमार, एसडीओ काडा विकास गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



कुश्ती खिलाड़ियों के ट्रायल 17 व 18 अक्टूबर को

फतेहाबाद। खेल विभाग, हरियाणा द्वारा कुश्ती अखाड़ा केसरी व कुमार दंगल महिला एवं पुरुष के तहत राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के खिलाड़ी भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए जिला स्तर पर खिलाड़ियों के ट्रायल 17 व 18 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से भोडिया खेड़ा खेल स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त, खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को ट्रैक सूट भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। जिला खेल अधिकारी विष्णु दास ने बताया कि 17 अक्टूबर को कुश्ती अखाड़ा केसरी व कुमार दंगल महिला एवं पुरुष के लिए खिलाड़ियों की ट्रायल हेतु सभी वजन प्रातः 8 बजे से सुबह 9 बजे तक भोडिया खेड़ा खेल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपनी खेल किट साथ लेकर आएं। सभी खिलाड़ियों के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र एवं रिहायशी प्रमाण-पत्र साथ लाना अनिवार्य है। इन दस्तावेजों के अभाव में खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दूसरे जिले का कोई खिलाड़ी यदि जिला फतेहाबाद में शिक्षा ग्रहण कर रहा है, तो वह अपने स्कूल या कॉलेज के प्रमाण-पत्र के आधार पर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।

क्रेसंट स्कूल ने लहराया सफलता का परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अलग-अलग विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में चित्रा एवं ज्योति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता में आंचल तथा कविता प्रतियोगिता में तन्मय ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं, नारा लेखन प्रतियोगिता में याचना ने तृतीय स्थान तथा निबंध लेखन में कनिष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि ने यह सिद्ध किया कि वे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता, कानूनी ज्ञान एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं।



एसडीएम से मिले इनेलो नेता

एमएसपी पर धान खरीदने व नियमों में बदलाव की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

इनेलो ने धान खरीद प्रक्रिया में किसानों को हो रही परेशानियों का समाधान किए जाने की मांग सरकार से की है। इसको लेकर इनेलो का प्रतिनिधिमंडल आज टोहाना में कुणाल करण सिंह के नेतृत्व में एसडीएम से मिला और उन्हें सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में धान खरीद में तेजी लाने, उचित मूल्य व नियमों में बदलाव किए जाने की मांग की है। इस दौरान इनेलो नेता कुणाल सिंह ने कहा कि हरियाणा राज्य भंडारण निगम व हैफेड जैसी सरकारी एजेंसियों के जरिए प्रक्रिया पारदर्शी बने और खरीद में सांठगांठ बंद हो। ज्ञापन में नमी की शर्तों में राहत मांगी गई। 18 प्रतिशत तक नमी वाले धान की खरीद में रोक-टोक न हो। 18 प्रतिशत से अधिक नमी पर जांच के बाद, हर एक प्रतिशत नमी पर 25 रुपए प्रति क्विंटल की कटौती किसान की सहमति से हो। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में मांग की गई कि, मंडियों में धान को सुखाने के लिए अलग स्थान निर्धारित किया जाए, ताकि अधिक नमी वाली फसल को किसान वहां सुखा सकें और खरीद के योग्य होने पर उसे आसानी से बेच सकें। इससे किसानों को फसल वापस ले जाने, दोबारा मंडी लाने तथा अतिरिक्त खर्च उठाने से राहत मिलेगी। इसके अलावा 28 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीद सीमा को बढ़ाकर 40 क्विंटल करने की भी मांग की गई है। तर्क दिया गया है कि कई किसानों की पैदावार 40 क्विंटल प्रति एकड़ तक पहुंच जाती है, ऐसे में मौजूदा सीमा के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किसान सेल गुरचरण सिंह अमानी और जिला कार्यकारी अध्यक्ष हरि सिंह डांगर भी मौजूद रहे।

विश्व खाद्य दिवस पर जागरूकता रैली व प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा विश्वविद्यालय स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में विश्व खाद्य दिवस पर पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता रैली सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. सुशील कुमार ने पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए केवल पर्याप्त भोजन उपलब्ध होना ही जरूरी नहीं है, बल्कि भोजन का पौष्टिक, सुरक्षित और संतुलित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने पौष्टिक आहार अपनाने, संतुलित भोजन के महत्व को समझने तथा स्वस्थ जीवनशैली को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्ष प्रो. संजू बाला ढुल ने संतुलित आहार, पोषण संबंधी जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला।



कार से मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर हत्या के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। पुरानी रंजिश के चलते युवक की मोटरसाइकिल को कार से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में रतिया पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिससे इस प्रकरण में गिरफ्तार कुल आरोपियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए नए आरोपियों की पहचान बाबू उर्फ पोपल निवासी वार्ड नंबर 5, रतिया और नितीश कुमार निवासी वार्ड नंबर 12, रतिया के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कलर कॉलोनी रतिया निवासी पूर्ण उर्फ प्रेम ने बताया था कि 26 सितंबर को दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच उनके दोनों बेटे अजय और शेर सिंह अपने दोस्तों के साथ अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर लोहारी चौक से अरोड़ा कॉलोनी की तरफ जा रहे थे। जब वे अनाज मंडी रतिया के गेट के नजदीक पहुंचे, तो पीछे से एक कार में सवार युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते कथित तौर पर अजय की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

विश्व खाद्य दिवस पर 'एक मुट्ठी दाल-चावल' अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर डीएवी पुलिस स्कूल, फतेहाबाद द्वारा जरूरतमंद लोगों की सहायता एवं समाज में सेवा, संवेदना और सहयोग की भावना विकसित करने के उद्देश्य से 'एक मुट्ठी दाल और चावल' अभियान चलाया गया। इस मानवीय पहल में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए दाल और चावल का योगदान दिया तथा जरूरतमंदों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। विश्व खाद्य दिवस के आयोजन के अंतर्गत आर्य युवा क्लब की ओर से विशेष यज्ञ का भी आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञ की पावन आहुति के माध्यम से नन्हें विद्यार्थियों को सेवा, परोपकार, अन्न के सम्मान तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों का संदेश दिया गया। यज्ञ के माध्यम से सभी के कल्याण एवं समाज में सुख-समृद्धि की मंगलकामना की गई।



यूथ पार्लियामेंट में चोरमार स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई परिपक्वता

ओढां। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चोरमार खेड़ा मे शुक्रवार को जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मार्शल, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री, महासचिव, प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता सहित अनेक सांसद बनकर एक घंटे तक अभिनय करके संसद की कार्यप्रणाली को चलाया। इस अवसर पर युवा संसद के आयोजन पर देश की मुख्य समस्याओं के मुद्दे रखे गए व उनपर तीखी बहस व कानून बनाने की प्रक्रिया सहित अनेक प्रस्तावों पर विचार विमर्श करके संसद में पास किए गए। प्रतियोगिता की तैयारी राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता नवीन निरानियां व इतिहास प्रवक्ता चरणजीत कौर ने स्टाफ सदस्यों के सहयोग से की।



अमारा ग्रीन की ओर से आयोजित की गई गरबा नाइट

गरबा नाइट में दिखी विविध संस्कृतियों की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

वैदवाला रोड पर विकसित किए जा रहे अमारा ग्रीन की ओर से गरबा नाइट का आयोजन किया गया, जिसमें गुजराती, पंजाबी, हरियाणवी तथा राजस्थानी संस्कृति की झलक देखने को मिली। रंगबिरंगी वेशभूषा में लोगों ने नवरंग उत्सव का आनंद लिया। अमारा ग्रीन के विशाल परिसर में यह भव्य आयोजन किया गया। म्यूजिक की धुन पर लोगों ने जमकर आनंद उठाया। लोग परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल हुए और देर शाम तक कार्यक्रम की धूम रही।

सिरसा में संभवतः पहली बार ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी लोगों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम में डांस ग्रुप दिल्ली के एक्सपर्ट द्वारा गरबा नृत्य की बेसिक जानकारी भी दी गई। अमारा ग्रीन की ओर से हरेक प्रतिभागी को गरबा स्टिक प्रदान की गई। साथ ही हरेक के लिए फ्री फूड की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर बच्चों के मनोरंजन के लिए अलग से स्टॉल लगाई गई थी।

श्रीमत ब्रिज एलएलपी के निदेशक राजीव जैन ने बताया कि फन गेम्ज के विजेताओं को प्रतिष्ठान की ओर से पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर श्रीमत सिटी सेंटर के डायरेक्टर संजीव जैन व माधव जैन ने गरबा नाइट के सफल आयोजन के लिए तमाम सिरसावासियों का आभार जताया। कार्यक्रम में सुरेंद्र सेतिया एसबीआई, मनोज गोयल गोल्ड जिम, दीपक अग्रवाल सैमसंग, अरूण मेहता, प्रेम रातुसरिया, डॉ. अमित नारंग, डॉ. विवेक गगनेजा, डॉ. आशीष अरोड़ा सहित अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।



सिरसा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए कलाकार। फोटो : हरिभूमि

सेवा संकल्प अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

नाटक नशा एक अभिशाप से किया नशे पर प्रहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशामुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम के तहत जी.आर.जी. स्कूल, सिरसा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तत्व सत्य एलएलपी तथा सहयोगी संस्था के.एल. थियेटर प्रोडक्शंस के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में सी.एम.के. कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंशु उप्पल मुख्यातिथि थी जबकि जी.आर.जी. स्कूल की प्राचार्या मीनाक्षी ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर के.एल. थियेटर प्रोडक्शंस के निदेशक कर्ण लढा मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम के दौरान के.एल. थियेटर प्रोडक्शंस की टीम द्वारा नशा एक अभिशाप नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया।

नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि किस प्रकार नशे की लत व्यक्ति के जीवन, परिवार और सामाजिक संबंधों को प्रभावित करती है।

प्रस्तुति में नशे के कारण उत्पन्न होने वाली पारिवारिक परेशानियों, मानसिक तनाव और सामाजिक बिखराव को मंच के माध्यम से प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। नाटक ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि नशा किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि अनेक समस्याओं की शुरूआत है।



सिरसा। नशे के प्रति नाटक की प्रस्तुत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मुख्य अतिथि नशे से दूर रहने व अच्छे संस्कार अपनाने के लिए छात्रों को किया प्रेरित

मुख्यातिथि डॉ. अंशु उप्पल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा अपने जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच और अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्राचार्या मीनाक्षी ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाना समय की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता कर्ण लढा ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य निर्धारित करने और अपनी प्रतिभा का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के विकास में करने का आह्वान किया।

खबर संक्षेप

हेरोइन तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार, केस

रतिया। थाना शहर रतिया पुलिस ने 6.71 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को काबू किया है, जिसकी पहचान अमन सिंह उर्फ आर्य निवासी वार्ड नंबर दो रतिया के रूप में हुई है। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने मुख्य सप्लायर जीवन पुत्र जसपाल सिंह निवासी वार्ड नंबर दो रतिया को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उप-निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान जब पुलिस टीम रतिया-टोहाना बाईपास पर श्मशान घाट के समीप पहुंची, तो वहां खड़ा एक युवक पुलिस की गाड़ी देखकर घग्घर नदी की ओर भागने लगा। इसी दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जेएनवी में रिक्त सीटों के लिए आवेदन 22 तक

फतेहाबाद। नवोदय विद्यालय समिति, जयपुर संभाग द्वारा जिला के गांव खारा खेड़ी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 9वीं व 11वीं में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को 22 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। चयन परीक्षा आगामी 10 अप्रैल, 2027 को आयोजित करवाई जाएगी। डीसी एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी के अध्यक्ष डॉ. विवेक भारती ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी बिना फीस के नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

गैस सिलेंडर चोरी का तीसरा आरोपी पकड़ा

फतेहाबाद। टोहाना पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया गैस सिलेंडर भी बरामद कर लिया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीसरे सह-आरोपी की पहचान अवतार निवासी प्रेम नगर, टोहाना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो अन्य आरोपियों अमित उर्फ तूता तथा सावन उर्फ डैनी को गिरफ्तार कर चुकी है।

युवक 7.360 ग्राम हेरोइन सहित काबू

सिरसा। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान गाव कंगनपुर क्षेत्र से एक युवक को 7 ग्राम 360 मिलीग्राम हैरोइन सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस की टीम गश्त व चैकिंग के दौरान शहर सिरसा से होते हुए गांव कंगनपुर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब गांव कंगनपुर के नजदीक पहुंची तो सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखते ही अचानक वापस मुडक़र भागने का प्रयास किया तो पुलिस टीम ने शक के आधार पर युवक को काबू कर नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 7 ग्राम 360 मिलीग्राम हैरोइन बरामद की।

परमिंदर सिंह की हत्या पर रतिया में गुस्सा

शहरवासियों ने पंजाब सीएम का पुतला फूंका

नशे के खिलाफ मुहिम चला रहे समाजसेवी की मानसा में हुई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

पंजाब में नशे के खिलाफ संघर्ष करने वाले परमिंदर सिंह झोटा की हत्या के विरोध में रतिया में विभिन्न संगठनों की ओर से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नशे के कारोबार पर रोक लगाने, परमिंदर सिंह झोटा के कातिलों को सख्त से सख्त सजा दिलाने और नशे के खिलाफ संघर्ष को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा के गुरप्रीत गोपी, भारतीय किसान यूनियन उग्राहां के जिला प्रधान निर्भय सिंह, बीकेयू खेती बचाओ के सतनाम सिंह लांबा और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के काका लघुवास ने कहा कि देश और प्रदेश में नशे की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। नशे के कारण हजारों-लाखों परिवारों के घरों के चिराग बुझ रहे हैं और नौजवान अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि नशा केवल एक सामाजिक बीमारी नहीं, बल्कि नौजवान पीढ़ी के भविष्य को तबाह करने वाला गंभीर संकट है।



रतिया। पंजाब सरकार का पुतला फूंकते हुए सदस्य। फोटो : हरिभूमि

वक्ताओं ने कहा कि परमिंदर सिंह झोटा जैसे नौजवान नशे के खिलाफ अपने स्तर पर संघर्ष करते हैं, लेकिन ऐसे संघर्षों को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं, जब नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों को निशाना बनाए जाने के आरोप सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों और उन्हें संरक्षण देने वालों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि आज जरूरत है कि परमिंदर सिंह झोटा जैसे नौजवानों के संघर्ष को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने पंजाब सरकार से मांग की कि परमिंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में निष्पक्ष जांच करवाई जाए, दोषियों को जल्द से जल्द सख्त सजा दी जाए तथा नशे के कारोबार और इसे संरक्षण देने वाले लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ और नौजवानों के भविष्य को बचाने की यह लड़ाई आगे भी मजबूती से जारी रहेगी। परमिंदर सिंह झोटा ने नशे के खिलाफ जो संघर्ष शुरू किया था, उसे अधूरा नहीं रहने दिया जाएगा और विभिन्न जनसंगठन मिलकर इस लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे। इस विरोध प्रदर्शन में रवि रतिया, हैप्पी ग्रोहा, बब्बू रतिया, छिंदा, दीप, मुंदरी, कर्मा प्रधान तथा मीराना के सरपंच सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता और अन्य साथी शामिल हुए।

मैजिक शो हमारी समृद्ध सांस्कृतिक कला की विरासतः राजपाल बैनीवाल



फतेहाबाद। मैजिक शो का शुभारंभ करते चेयरमैन राजपाल बैनीवाल। फोटो : हरिभूमि

फतेहाबाद। हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति के चेयरमैन राजपाल बैनीवाल ने कहा कि जादू के शो तथा अन्य सांस्कृतिक एवं मनोरंजनात्मक कार्यक्रम हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से लोगों को जोडऩे का कार्य करते हैं। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने में कारगर सिद्ध होते हैं और बच्चों व युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जुडऩे का अवसर प्रदान करते हैं। चेयरमैन राजपाल बैनीवाल डीपीआरसी हॉल में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के सौजन्य से अमृतकाल जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित विश्व विख्यात जादूगर सम्राट शंकर के जादू शो के पहले दिन के दूसरे सत्र के विधिवत शुभारंभ करने उपरांत उपस्थिजन को संबोधित कर रहे थे। जादूगर सम्राट शंकर तथा जूनियर सम्राट शंकर ने अपने जादुई शो के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता का संदेश भी दिया। जादुई करतबों, रोमांचक प्रस्तुतियों और मनोरंजन से भरपूर इस शो ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। शो के दौरान जादूगर सम्राट शंकर ने विभिन्न जादुई कलाओं का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक किया। जादुई शो में कलाकारों ने अपनी कला और हुनर का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए ऐसे-ऐसे करतब प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने शो का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की।

न्यूज डायरी



मिगलानी ने किया अपना घर आश्रम का दौरा

फतेहाबाद। संत शिरोमणि श्री श्री 108 डॉ. स्वामी सदानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में नेशनल हाईवे बाईपास, फतेहाबाद पर संचालित सद्गुरू कृपा अपना घर आश्रम, श्री कृष्ण प्रणामी वृद्ध एवं महिला आश्रम का हरियाणा रेड क्रॉस सोसायटी, चंडीगढ़ के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने दौरा किया। उनके साथ रेड क्रॉस फतेहाबाद की टीम भी विशेष रूप से मौजूद रही। आश्रम परिसर में पहुंचने पर संस्था के सेवादार एवं प्रमुख समाजसेवी विनोद तायल और अशोक भूकर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी का गर्मजोशी से स्वागत किया।



मताधिकार के हनन के विरोध में 19 को फतेहाबाद में प्रदर्शन कर पुतला फूंकेंगे युवा

फतेहाबाद। जनता के अधिकारों की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए भारत की जनवादी नौजवान सभा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा 19 अक्तूबर को फतेहाबाद में प्रदर्शन कर पुतले फूंके जाएंगे। डीवाईएफआई के जिला प्रधान पवन मूथन व एनएसयूआई के राज्य सह सचिव निखिल ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों के कारण देश की संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लगातार कमजोर किया जा रहा है, जिससे लगभग 13.50 करोड़ लोगों के मताधिकार के हनन का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। इससे लोकतंत्र को खतरा हो सकता है।



विद्यार्थियों को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय शिक्षा ग्रहण करने का मौका, एमएम कॉलेज ने किया एमओयू साइन

फतेहाबाद। एमएम कॉलेज ने वैश्विक शिक्षा, अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक सहयोग और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ते हुए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज प्रशासन ने यूरोपियन यूनियन एंगेजमेंट एंड इंफरमेशन सेंटर के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने बताया कि यह एमओयू क्षेत्र के विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने और उन्हें वैश्विक अवसरों से जोडऩे के उद्देश्य से किया गया है।



किसानों और व्यापारियों के हितों की रक्षा करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : राजेश ठकराल

फतेहाबाद। हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन राजेश ठकराल ने जिले की टोहाना अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इससे पहले उन्होंने मार्केट कमेटी कार्यालय में व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं, मांगों और सुझावों पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए, ताकि मंडी में खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रहे।



विद्यार्थियों को भेंट की उपयोगी पुस्तकें

सिरसा। सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में भाविप के तत्वावधान में शुक्रवार को बाबा सरसाई नाथ बुक बैंक श्री गोशाला सिरसा की ओर से प्रतियोगी परीक्षाओं एवं दस जमा एक व दो कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए उपयोगी पुस्तकें भेंट की गई। उल्लेखनीय है कि बाबा सरसाई नाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बुक बैंक हर वर्ष सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें एवं शिक्षण सामग्री प्रदान कर मदद करता है। ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी, सहसचिव अनिल कुमार तथा समाजसेवी रंजीत सिंह टक्कर ने इस मौके पर भाविप सदस्यों का स्वागत किया। क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक संस्कार हरिओम भारद्वाज, जिला समन्वयक प्रमोद मोहन गौतम सहित अन्य मौजूद रहे।



कालांवाली। विधायक केहरवाला आईपीबी गली का उद्घाटन करते हुए।

झोरड़रोही में आईपीबी गली का उद्घाटन

कालांवाली। हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत सिरसा जिले के गांव झोरड़नाली में ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य किया गया। कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला ने गांव में 32.58 लाख रुपए की अनुमानित लागत से निर्मित आईपीबी गली का उद्घाटन किया। इस निर्माण कार्य से गांव के संबंधित हिस्सों में रहने वाले लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में गांव की सरपंच कुलविंद्र कौर सहित ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। गांव झोरड़रोही में आईपीबी गली का निर्माण दो हिस्सों में कराया गया है। इस परियोजना पर अनुमानित 32.58 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। केहरवाला ने कहा कि पक्की गलियों के निर्माण से ग्रामीणों को दैनिक आवागमन में सुविधा मिलती है। इसके साथ ही गांव की संपर्क व्यवस्था बेहतर करने में मदद मिलेगी।

नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले भवानी सिंह को सुरक्षा देने की मांग

- सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने सीएम को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पंजाब के मानसा में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या के बाद हरियाणा में भी नशामुक्ति अभियान से जुड़े लोगों की सुरक्षा का मुद्दा गर्माने लगा है। इस संबंध में हरियाणा की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और जनहितकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन भेजकर नशामुक्ति सेना के अध्यक्ष भवानी सिंह को तुरंत सुरक्षा प्रदान करने की मांग उठाई है। इस मामले को लेकर विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि आज उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मिलने पहुंचे और सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नशामुक्ति सेना के अध्यक्ष भवानी सिंह पिछले करीब दो वर्षों से इस क्षेत्र में निरंतर नशे के खिलाफ अभियान चलाकर युवाओं को इस भयानक बुराई से बचाने और समाज में जन-जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उनके इस अभियान के माध्यम से नशे के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ लगातार आवाज उठा रहे है।



फतेहाबाद। भवानी सिंह के लिए सुरक्षा की मांग को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपने जाते विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

नई तकनीकों से फिजिक्स की कक्षा बनेगी अधिक रोचक व प्रभावीः संदीप

- डिंग डाइट में पांच दिवसीय विकास प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डिंग

जिला शिक्षा अधिकारी, सिरसा एवं डाइट डिंग प्राचार्य सुभाष फुटेला की देखरेख में नियमित एवं अतिथि पीजीटी फिजिक्स के लिए आयोजित पांच दिवसीय सतत व्यवसायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। डाइट प्रवक्ता डॉ. विनोद भट्ट ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांच दिनों के दौरान विभिन्न विषय विशेषज्ञों एवं संसाधन व्यक्तियों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन डाइट विषय विशेषज्ञ डॉ. मनोज पुरी एवं डॉ. राजेश खुराना ने दीक्षा ई कंटेंट विषय एवं सी.पी.शर्मा ने स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। समापन अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक संदीप कुमार ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान, कौशल का फायदा छात्रों को मिलेगा।



डिंग। प्रशिक्षणार्थियों को पीजीटी फिजिक्स के लिए प्रशिक्षण देते हुए।

पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

सिरसा। स्थानीय टाउन पार्क में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रोहताश जांगड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जांगड़ा ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए शहर के विकास, स्वच्छता, पार्कों के रखरखाव और जनसुविधाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की। चेयरमैन ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर धरती को हरा भरा बनाने में योगदान दें। केवल पौधारोपन करना ही काफी नहीं है, बल्कि उसकी पूरी देखभाल कर पेड़ बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने यह भी कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य जनहित के कार्यों को गति देना है।



सिरसा। टाउन पार्क पौधरोपण करते शहरवासी।

रतिया की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था पर सर्वसमाज सभा ने जताई चिंता

रतिया। सर्व समाज सभा की मासिक बैठक शिरोमणि भगत बाबा नामदेव धर्मशाला में सभा के प्रधान सतपाल जिंदल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था, सड़कों पर बढ़ते अवैध कब्जों तथा बिजली के खंभों पर लगे मीटरों और लटकती तारों से उत्पन्न हो रही समस्याओं पर चर्चा की गई और प्रशासन से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने की मांग की। सभा के महासचिव नैब सिंह मंडेर ने बताया कि बैठक में चिंता व्यक्त की कि शहर की कई सड़कों पर कबाड़ की दुकानों के बाहर सामान दूर तक फैला रहता है। इसके अतिरिक्त, कुछ दुकानों के सामने वाहनों की अनुचित पार्किंग और अन्य सामान रखे होने के कारण यातायात बाधित होता है। इससे राहगीरों तथा वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कुछ दिन पहले हुए एक बड़े हादसे में एक नौजवान की जान भी चली गई थी। सभा के सदस्यों ने कहा कि दशहरे के पर्व के दौरान बाजारों में लोगों की आवाजाही और भीड़ बढ़ जाती है। जिससे शहरवासी परेशान है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

अग्रसेन जयंती समारोह कल, शहरभर में लगेंगे 18 गोत्रों के स्वागत द्वार

ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली जाएगी शोभायात्रा

शिवालय मार्केट स्थित श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में मुख्य कार्यक्रम होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अग्रवाल समाज फतेहाबाद की ओर से इस बार भव्य स्तर पर महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 18 अक्तूबर रविवार को शिवालय मार्किट स्थित श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अग्रसेन जयंती को लेकर तैयारियां जोर-शोर पर चल रही है। महाराजा अग्रसैन चौक को इस दिन फूलों से सजाया जाएगा वहीं इस दिन निकाली जाने वाली भव्य शोभा यात्रा भी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली जाने वाली इस शोभा यात्रा के स्वागत के लिए शहरभर में अग्र समाज की 18 गौत्रों के नाम पर विशेष स्वागत द्वार बनाए जाएंगे।

यह जानकारी शुक्रवार अग्रवाल धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अग्रवाल समाज फतेहाबाद के पदाधिकारियों ने दी। प्रैस वार्ता को संबोधित करते हुए अग्रवाल समाज फतेहाबाद के प्रधान मनोज गर्ग बड़ोपलिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल गोयल, डायरेक्टर क्यूबस लाइफस्पेसिस, उद्योगपति अशोक बंसल नाभा वाले, अजय जिंदल, जिंदल राइस मिल और सतीश गोयल शिरकत करेंगे। अति-विशिष्ट अतिथियों में एडवोकेट रविन्द्र तायल, व्यवसायी विनोद बंसल केपी, युवा उद्योगपति राहुल गोयल तथा युवा समाजसेवी नितिन मोदी उपस्थित रहेंगे।



फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते अग्रवाल समाज के पदाधिकारी।

प्रतिमा पर माल्यार्पण और ध्वजारोहण होगा

उन्होंने बताया कि इस दिन शहर में भव्य शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। यात्रा की शुरूआत प्रातः 10 बजे अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और ध्वजारोहण के साथ की जाएगी। यहां से यात्रा महाराज अग्रसेन चौक पहुंचेगी जहां समाज के लोगों द्वारा महाराजा अग्रसेन द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाएगा। इसके बाद शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में पहुंचेगी।